भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : *141

उत्तर देने की तारीख: 29.07.2026

अल्पसंख्यक छात्रों का नामांकन और उनका बीच में पढ़ाई छोड़ना

***141. श्री सचिदानन्दम आर.:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

विगत पाँच शैक्षणिक वर्षों के दौरान प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों की तुलना में अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के नामांकन एवं बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले (ड्रॉप-आउट) छात्रों का धर्म-वार प्रतिशत कितना है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

'अल्पसंख्यक छात्रों का नामांकन और उनका बीच में पढ़ाई छोड़ना' विषय पर माननीय सांसद श्री सचिदानन्दम आर. द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 29.07.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *141 के उत्तर में संदर्भित विवरण

सरकार ने अल्पसंख्यकों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए विभिन्न मंत्रालयों की अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से अनेक योजनाएँ कार्यान्वित की हैं।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने विशेष रूप से छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तीकरण के लिए देशभर में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का कार्यान्वयन किया है।

इसके अतिरिक्त, शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (DoSEL) द्वारा स्कूली शिक्षा से संबंधित आंकड़ों को दर्ज करने के लिए यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (UDISE+) विकसित किया गया है तथा शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा से संबंधित आंकड़ों को दर्ज करने के लिए अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) किया जाता है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों के नामांकन से संबंधित विवरण भी शामिल होते हैं।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, स्थिति निम्नानुसार है:

<u>स्कूली शिक्षा (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक):</u>

UDISE+ के अनुसार, पिछले पाँच शैक्षणिक वर्षों (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26) के लिए समग्र नामांकन की तुलना में अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों के वर्ष-वार एवं स्तर-वार नामांकन के साथ-साथ ड्रॉपआउट दर का विवरण **अनुबंध–I** में दिया गया है। यह उल्लेखनीय है कि UDISE+ में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के नामांकन के विवरण का रखरखाव छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के समेकित रूप में किया जाता है तथा धर्म-वार पृथक नामांकन संबंधी आंकड़ें का रखरखाव नहीं किया जाता है।

यह उल्लेखनीय है कि वर्तमान में UDISE+ द्वारा ड्रॉपआउट दर का रखरखाव केवल समग्र स्तर पर किया जाता है तथा इस आंकड़े का अल्पसंख्यक समुदाय/धर्म के अनुसार पृथक रूप से रखरखाव नहीं किया जाता है और न ही माध्यमिक स्तर के लिए ड्रॉपआउट दर का रखरखाव पृथक रूप से किया जाता है।

<u>उच्च शिक्षा:</u>

AISHE के अनुसार, पिछले पाँच उपलब्ध AISHE सर्वेक्षण वर्षों (वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24) के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में समग्र नामांकन की तुलना में 'मुस्लिम' एवं 'अन्य अल्पसंख्यक समुदाय' (ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी एवं जैन समुदाय समेकित रूप से) के विद्यार्थियों के लिंग-वार नामांकन का वर्ष-वार विवरण **अनुबंध–II** में दिया गया है।

चूंकि उच्च शिक्षा क्षेत्र में, छात्रों के पास कई विकल्प होते है, वे एक पाठ्यक्रम या कार्यक्रम से दूसरे में स्थानांतरित हो जाते है, इसलिए उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की कोई अवधारणा नहीं है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 29.07.2026 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *141 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

स्कूली शिक्षा (UDISE+) में समग्र नामांकन की तुलना में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का नामांकन

अखिल भारतीय स्तर पर वर्ष-वार विवरण (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26)

प्राथमिक स्तर

वर्ष	समग्र नामांकन	नामांकित अल्पसंख्यक विद्यार्थी	अल्पसंख्यक का %	समग्र ड्रॉपआउट दर**
2021-22	12,18,42,250	2,29,12,585	18.8%	1.45
2022-23	11,24,21,298	2,34,98,927	20.9%	7.8
2023-24	10,78,37,711	2,29,09,194	21.2%	1.9
2024-25	10,43,81,347	2,24,86,776	21.5%	0.3
2025-26	10,19,15,874	2,21,77,218	21.8%	0.3

उच्च प्राथमिक स्तर

वर्ष	समग्र नामांकन	नामांकित अल्पसंख्यक विद्यार्थी	अल्पसंख्यक का %	समग्र ड्रॉपआउट दर **
2021-22	6,67,90,692	1,19,13,446	17.8%	3.02
2022-23	6,34,77,860	1,22,80,606	19.3%	8.1
2023-24	6,31,26,015	1,21,61,506	19.3%	5.2
2024-25	6,36,95,100	1,22,55,651	19.2%	3.5
2025-26	6,32,41,424	1,23,79,764	19.6%	3.6

** स्कूल ड्रॉपआउट विद्यार्थियों से संबंधित आँकड़ों का रखरखाव केवल समेकित स्तर पर किया जाता है, इन आंकड़ों का अल्पसंख्यक समुदाय/धर्म-वार रखरखाव पृथक रूप से नहीं किया जाता है।

माध्यमिक स्तर

वर्ष	समग्र नामांकन	नामांकित अल्पसंख्यक विद्यार्थी	अल्पसंख्यक का %	समग्र ड्रॉपआउट दर**
2021-22	3,85,28,631	63,08,410	16.4%	12.61
2022-23	3,79,34,094	69,64,531	18.4%	16.4
2023-24	3,68,63,791	68,50,934	18.6%	14.1
2024-25	3,71,65,436	68,46,375	18.4%	11.5
2025-26	3,82,90,413	71,49,737	18.7%	9.5

उच्च माध्यमिक स्तर

वर्ष	समग्र नामांकन	नामांकित अल्पसंख्यक विद्यार्थी	अल्पसंख्यक का %	समग्र ड्रॉपआउट दर**
2021-22	2,85,79,050	43,04,963	15.1%	AISHE एक वार्षिक नामांकन सर्वेक्षण है और उच्च शिक्षा संस्थानों से संबंधित ड्रॉपआउट/छात्रों की संख्या में कमी से संबंधित आंकड़ें एकत्र नहीं किए जाते हैं।
2022-23	2,77,90,658	46,02,819	16.6%	
2023-24	2,71,35,514	45,55,430	16.8%	
2024-25	2,76,43,717	46,13,347	16.7%	
2025-26	2,88,59,146	49,23,667	17.1%	

**** स्कूल ड्रॉपआउट विद्यार्थियों से संबंधित आँकड़ों का रखरखाव केवल समेकित स्तर पर किया जाता है, इन आंकड़ों का अल्पसंख्यक समुदाय/धर्म-वार रखरखाव पृथक रूप से नहीं किया जाता है।**

अनुबंध-II

उच्च शिक्षा संस्थानों में समग्र नामांकन की तुलना में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का वर्ष-वार नामांकन (AISHE)

AISHE सर्वेक्षण वर्ष	समग्र नामांकन		मुस्लिम		अन्य अल्पसंख्यक समुदाय	
	कुल	महिला	कुल	महिला	कुल	महिला
2023-24	4,50,01,123	2,23,52,948	22,52,799	11,65,295	10,79,566	5,71,197
2022-23	4,46,32,261	2,17,54,890	22,43,813	11,23,430	10,46,514	5,60,384
2021-22	4,32,68,181	2,06,91,792	21,08,033	10,39,267	9,05,159	4,77,734
2020-21	4,13,80,713	2,01,42,803	19,21,713	9,67,058	8,29,866	4,48,102
2019-20	3,85,36,359	1,88,92,612	21,00,860	10,54,486	8,87,750	4,83,002